

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 22 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 22 सितंबर का इतिहास

- **1949 :** सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- **1965 :** भारत पाकिस्तान के बीच की लड़ाई का संयुक्त राष्ट्र की पहल पर युद्ध विराम हुआ।
- **1988 :** कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।
- **1792 :** फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।

## 22 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्र सरकार के पैनल ने ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक नियामक निकाय बनाने की सिफारिश की। केंद्र सरकार के एक पैनल के अनुसार ऑनलाइन गेम को विनियमित करने और निषिद्ध प्रारूपों को ब्लॉक हेतु लिए नियम बनाने के लिए एक नियामक निकाय का गठन किया जाना चाहिए। मोबाइल गेमिंग उद्योग के 2025 तक लगभग 5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। नया फ्रेमवर्क फ्री और पे-टू-प्ले स्किल गेम्स दोनों पर लागू होगा।
- टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप 2022 में कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। बजरंग ने पुरूषों की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता के 65 किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक जीता। बजरंग ने रेपेचेज राउंड के जरिये कांस्य पदक प्रतियोगिता के लिा क्वालीफाई किया जहां उन्होंने अर्मेनिया के वाजेन तेवन्यान को 7-6 से हराया। इसी के साथ यह विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में चार पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय बन गए है। इससे पहले उन्होंने 2013 में कांस्य, 2018 में रजत और 2019 में कांस्य पदक जीता था।
- जापान के मौसम विभाग ने देश की तरफ बढ़ रहे महाविनाशकारी तूफान नानमाडोल को लेकर एक विशेष चेतावनी जारी की है। इस तूफान को दूसरा सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। इसके चलते दक्षिणी क्यूश क्षेत्र के कागोशिमा, कुमामोटो ओर मियाजाकी में रह रहे लोगों को खतरा पैदा हो गया है। माना जा रहा है कि पिछले दशकों के मुकाबले यह जापान के लिए सबसे विनाशकारी तूफान हो सकता है।
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने डोलो-650 टैबलेट के निर्माताओं पर दवा लिखने हेतु डॉक्टरों को फ्रीबीज देने के लिय 1000 करोड़ रूपये खर्च करने का आरोप लगाया है। दवा निर्माण कंपनियों को उपहार देने का प्रयास करते हुए देखा गया है: अपने उत्पाद विपणन के लिये डॉक्टरों को मुफ्त रात्रिभोजन और दवा के नमूनों से लेकर प्रचारक माल तक मुफ्त उपहार प्रदान करना।
- शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2022 उज्बेकिस्तान से समरकंद में आयोजित किया गया। समरकंद घोषणा पर सदस्य राज्यों द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे। भारत ने वर्ष 2023 के लिये SCO की अध्यक्षता संभाली।
- महाराष्ट्र में नीति आयोग की तर्ज पर एक राज्य स्तरीय संस्थान स्थापित किया जाएगा। यह संस्थान राज्य में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में बदलाव लाने में मदद करेगा। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर और अन्य विशेषज्ञों ने एक प्रस्तुति दी कि कैसे आयोग विभिन्न क्षेत्रो में बदलाव लाने में महाराष्ट्र की सहायता करेगा। डिप्टी सीएम फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार का वित्त विभाग इस संस्थान के लिए पूरी तरह तैयार है।
- भारत और कंबोडिया ने कंबोडिया में 19वीं आसियान भारत आर्थिक मंत्रियों की बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस बैठक में सभी 10 आसियान देशों के आर्थिक मंत्रियों या उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंत्रियों ने आसियान-भारत व्यापार परिषद द्वारा आसियान भारत आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने और वर्ष 2022 में AIBC द्वारा की गई गतिविधियों पर भी ध्यान केंद्रित किया।
- विज्ञान और पर्यावरण केंद्र ने भारत के शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए कचरा प्रबंधन के लिए एक रोडमैप जारी किया है। इस रोडमैप में एक स्थायी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना और बरामद अंशों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना शामिल है। इस योजना में शहरी विभागों की क्षमता का निर्माण, बरामद सामग्री के प्रबंधन को प्रोत्साहित करना और सैनिटरी लैंडफिल के स्थायी संचालन को सुनिश्चित करना भी शामिल है। देश में 3,000 से अधिक डंपसाइटों में लगभग 1300 मिलियन टन पुराना कचरा पड़ा हुआ है।
- भारत निर्वाचन आयोग ने भारत के सभी राज्यों में फैले बीएलओ के साथ आयोजित एक संवादात्मक सत्र में एक नए डिजिटल प्रकाशन बीएलओ ई-पत्रिका का विमोचन किया। 350 से भी अधिक बीएलओ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय से वीड़ियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें शामिल हुए और आस-पास के राज्यों जैसे कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के 50 बीएलओ ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व गैंडा दिवस (World Rhino Day) प्रतिवर्ष हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 22 सितंबर (B) 23 सितंबर
(C) 24 सितंबर (D) 25 सितंबर

**(A)** विश्व गैंडा दिवस हर साल 22 सितंबर मनाया जाता है। यह विशेष दिन राइनो से संबंधित संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों, चिड़ियाघरों और इसके सदस्यों को अपने स्वयं के अनूठे तरीकों से गैंडा दिवस मनाने का अवसर प्रदान करता हे। यह दिन गैंडों की सभी पाँच मौजूदा प्रजातियों के संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।




**2. कैंसर पीड़ितो से मानवीय व्यवहार करने और उनका दुख बांटने के लिए हर साल विश्व गुलाब दिवस (Welfare of Cancer Patients Day/Rose Day) कब मनाया जाता है ?**

(A) 20 सितंबर (B) 21 सितंबर
(C) 22 सितंबर (D) 23 सितंबर

**(C)** कैंसर पीड़ितों से मानवीय व्यवहार करने और उनका दुख बांटने के लिए हर साल 22 सितंबर को वर्ल्ड रोज दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का खास मकसद ही कैंसर से लड़ने वाले लोगों को जीने की प्रेरणा देना और उनके जीवन में खुशियां लाना है। यह दिन कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए है।




**3. किस संस्थान के शोधकर्ताओं ने सोने के नैनोकणों पर लेपित बैक्टीरिया द्वारा स्त्रावित गोलाकार पुटिकाओं का उपयोग करके टीबी के खिलाफ नई वैक्सीन विकसित की है?**

(A) भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू
(B) बायोलॉजिक ई-लिमिटेड, हैदराबाद
(C) इंडियन इम्युनोलॉजिकल लिमिटेड, हैदराबाद
(D) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

**(A)** इस नई वैक्सीन में स्वर्ण नैनो कणों पर लिपटे बैक्टीरिया से प्राप्त गोलाकार पुटिकाओं का उपयोग शामिल है, जिसे बाद में प्रतिरक्षा कोशिकाओं तक पहुंचाया जा सकता है। भारत अब तक टीबी से लड़ने के लिए बैसिल कैलमेट गुएरिन वैक्सीन का इस्तेमाल करता रहा है। इसमें रोग पैदा करने वाले जीवाणु का कमजोर रूप होता है, और जब हमारे रक्तप्रवाह में इंजेक्ट किया जाता है।



**4. किस राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में SC, ST, पिछड़ा वर्ग, OBC ओर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्यों के लिए 77 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दी है ?**

(A) बिहार (B) उत्तरप्रदेश
(C) झारखंड (D) हरियाणा

**(C)** झारखंड राज्य सरकार ने विभिन्न वर्गो में कुल आरक्षण 77 फीसदी कर दिया है, जिसमें OBC आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया गया है। अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 12 फीसदी अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28 फीसदी कर दिया गया है और EWS के लिए पहले से पांच फीसदी आरक्षण का प्रावधान है।



**5. क्रिप्टो फर्म चैनालिसिस द्वारा जारी ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स 2022 में भारत किस स्थान पर रहा है ?**

(A) पहले (B) दूसरे
(C) तीसरे (D) चौथे

**(D)** ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स 2022 में भारत दूसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गया है। भारत को इस सूचकांक में 0.663 स्कोर मिला है। यह सूचकांक उन देशों को ट्रैक करता है जो क्रिप्टोकरेंसी को अपनाते हैं या डिजिटल संपत्ति में निवेश करते है, इस सुचकांक के अनुसार जमीनी स्तर पर भारत की क्रिप्टो अपनाने की दर अमेरिका की तुलना में अधिक है।



**6. ई-बाल निदान पोर्टल किस मंत्रालय से संबंधित है ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
(C) विदेश मंत्रालय (D) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

**(B)** हाल ही में बाल अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शिकायतों के निवारण के लिए ऑनलाइन पोर्टल ई-बाल निदान को नया रूप दिया गया है। अब यह पोर्टल किशोर न्याय, पॉक्सो, श्रम, शिक्षा आदि जैसे विषयों में शिकायत की प्रकृति के आधार पर शिकायतों का विभाजन करेगा। यह बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 के तहत बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शिकायत करने के लिए एक ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली है।

**7. फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स 2022 के अनुसार अमेजन के मालिक जेफ बेजोस को पछाड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति कौन बने है ?**



(A) गौतम अडानी (B) मुकेश अंबानी
(C) जेफ बेजोस (D) बिल गेट्स

**(A)** फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स 2022 के अनुसार गौतम अडानी 155.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं और वहीं बर्नार्ड अर्नोल्ट 155.2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति के स्थान पर बने हुए है। मुकेश अंबानी इस लिस्ट में 92.6 अरब डॉलर के साथ आठवें नंबर पर है।

**8. हाल ही में इनसाइट 2022 सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?**



(A) जयपुर (B) देहरादून
(C) नई दिल्ली (D) नागपुर

**(C)** हाल ही में कन्वर्जेस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड द्वारा इनसाइट 2022 सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह शक्ति फाउंडेशन द्वारा समर्थित वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया के साथ साझेदारी में किया गया था। इस सम्मेलन से पहले विश्व बैंक द्वारा कार्बन वित्तपोषण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी।

**9. भारत के 76वें ग्रैंड मास्टर कौन बने ?**



(A) सुनील छेत्री (B) प्रणव आनंद
(C) विनय शर्मा (D) कौशल वर्मा

**(B)** बेंगलुरू के किशोर शतरंज खिलाड़ी प्रणव आनंद भारत के 76वें ग्रैंड मास्टर बन गए हैं। उन्होंने रोमानिया के मामाइया में चल रही विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में 2500 ईएलओ रेटिंग की संख्या पार करके यह उपलब्धि हासिल की। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंड मास्टर उपाधि हासिल करने के लिए बाकी मानदंड़ों को पहले ही पूरा कर दिया था।

**10. रामकृष्ण मिशन किस वर्ष स्थापित किया गया था ?**

(A) 1894 (B) 1994
(C) 1896 (D) 1897

**(D)** हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कक्षा I से V के तक के छात्रों के लिए रामकृष्णन मिशन के जागृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामकृष्णन मिशन एक गैरध्-राजनीतिक और गैर-सांप्रदायिक आध्यात्मिक संगठन है। यह भारत में व्यापक शैक्षिक और परोपकारी कार्य करता है। जबकि पश्चिमी देशों में अद्वैत वेदांत के एक आधुनिक संस्करण की व्याख्या करता है।

काव्य क्लासेज
डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित